



SMT. VIDUSHI K.S. JAYALAKSHMI

Smt. Vidushi K.S. Jayalakshmi is the joint Editor of the one of the oldest Sanskrit Dailies, "SUDHARMA" published from the heritage - cultural city of Mysuru in Karnataka State. Her pioneeering work in the entire design and technical aspects as well as in the final production of Sudharma have resulted in this unique daily reaching the readers all over the country.

2. Born on 5th May, 1966 as the daughter of Smt. Namagiri and Sri K.R. Srinivasa Iyengar in a small village in the District of Ramanagara in Karnataka State, Smt. Jayalakshmi studied B.Sc. from Bangalore University in 1989. Besides learning Sanskrit from her mother, she secured Hindi Visharada Degree from Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha. She obtained Junior Diploma in Classical Karnatka Music in Veena. She also obtained Senior Diploma English, Kannada Typewriting and also Junior Diploma English Shorthand. After the studies she taught Science subjects to high School students for a few years. During all her younger days she was very helpful to her village students (especially girls) to acquire their education.

3. After her marriage with Sri K.V. Sampathkumar in January 29, 1992, Smt. Jayalakshmi shifted to Mysore, where she started to help her husband, who was the editor of Sudharma, her knowledge of Kannada, English, Tamil, Hindi and Sanskrit, helped her to learn the art of Desk Top Publication of Sudharma. Smt. Jayalakshmi has also been designing the cover and contents of all the books, published under Sudharma Publications. She has also designed Sudharma Sanskrit Calendar, which contains all the important features of the Hindu Almanac.

4. In parallel with her professional activities, Smt. Jayalakshmi devoted her spare time to acquire B.A. (Shastri) Degree in Sanskrit Grammar in 2018 and M.A. (Aacharya) Degree in Sanskrit Grammar at Sriman Maharaja Sanskrit College under Karnataka Sanskrit University. Apart from her devoted work to Sudharma, she has spared her time to visit various schools and teach Sanskrit language to students as a free service to popularise Sanskrit. Copies of Sudharma Sanskrit Daily and few Sanskrit premiers published by Sudharma are also distributed to students to encourage them.

5. Smt. Jayalakshmi has received various honours and awards in recognition of her excellent services in popularising Sanskrit from various organisations including the title "Achiever Woman" on the occasion of Women's Day in 2013 by MYRA School of Business in Mysore.





श्रीमती विदुषी के.एस. जयलक्ष्मी

श्रीमती विदुषी के.एस. जयलक्ष्मी कर्नाटक राज्य के सांस्कृतिक और एतिहासिक शहर मैसूर से प्रकाशित देश के सबसे पुराने संस्कृत दैनिक समाचार पत्र 'सुधर्मा' की संयुक्त संपादिका हैं। सुधर्मा के सम्पूर्ण कलेवर, तकनीकी पहलुओं और अंत में इसकी छपाई में उनके अग्रणी योगदान के फलस्वरूप यह अनूठा समाचारपत्र सारे देश के पाठकों तक पहुँच रहा है ।

2. कर्नाटक राज्य के रामनगर जिले के एक छोटे से गाँव में 5 मई, 1966 को श्रीमती नामगिरी और श्री के. आर. श्रीनिवास अयंगर की पुत्री के रूप में जन्मी श्रीमती जयलक्ष्मी ने वर्ष 1989 में बैंगलोर विश्वविद्यालय से बी.एससी. की पढ़ाई की। अपनी माता से संस्कृत सीखने के अलावा, उन्होंने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा से हिंदी विशारद की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने वीणा में कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में जूनियर डिप्लोमा प्राप्त किया। उन्होंने अँग्रेजी और कन्नड़ टाइपराइटिंग में सीनियर डिप्लोमा तथा अँग्रेजी शॉर्ट हैंड में जूनियर डिप्लोमा भी प्राप्त किया। पढ़ाई के बाद उन्होने कुछ वर्षों तक हाई स्कूल के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पढ़ाया। युवावस्था के दौरान, वह अपने गांव के विद्यार्थियों खासतौर से लड़कियों की पढ़ाई में बहुत मदद किया करती थीं ।

3. श्री के.वी. संपत कुमार से 29 जनवरी, 1992 को विवाह के उपरांत श्रीमती जयलक्ष्मी मैसूरु में स्थानांतरित हो गईं। उनके पति सुधर्मा के संपादक थे और उन्होंने उनके काम में हाथ बंटाना शुरू कर दिया। अपने कन्नड़, अंग्रेजी, तमिल, हिंदी और संस्कृत भाषा के ज्ञान का फायदा उन्हें सुधर्मा के लिए डेस्क टॉप पब्लिकेशन की कला सीखने में मिला। श्रीमती जयलक्ष्मी ने सुधर्मा से प्रकाशित सभी पुस्तकों के मुख पृष्ठ और सामग्री को भी डिजाइन किया है । उन्होंने सुधर्मा संस्कृत कैलेंडर भी तैयार किया है, जिसमें हिंदू पंचांग की सभी श्रेष्ठ खूबियां मौजूद हैं।

4. श्रीमती जयलक्ष्मी ने अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के साथ–साथ अपना अतिरिक्त समय 2018 में संस्कृत व्याकरण में बी.ए. (शास्त्री) डिग्री और कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत श्रीमन महाराजा संस्कृत कॉलेज से संस्कृत व्याकरण में एम.ए. (आचार्य) की डिग्री प्राप्त करने में लगाया। सुधर्मा के प्रति समर्पण भाव से लगे रहने के अलावा, उन्होंने संस्कृत को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न स्कूलों का दौरा किया और छात्रों को निःशुल्क संस्कृत भाषा सिखाई। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए सुधर्मा संस्कृत दैनिक समाचारपत्र की कुछ प्रतियां और सुधर्मा द्वारा प्रकाशित संस्कृत की प्रमुख पुस्तकें भी वितरित की जाती हैं ।

5. श्रीमती जयलक्ष्मी को संस्कृत को लोकप्रिय बनाने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अनेक सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें मैसूरु के एमवाईआरए स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा 2013 में महिला दिवस के अवसर पर ''अचीवर वुमन'' पुरस्कार शामिल है।





SHRI K. V. SAMPATHKUMAR (POSTHUMOUS)

Shri K. V. Sampathkumar was the sole owner of Sreekantha Enterprises, which runs one of the oldest Sanskrit Daily "SUDHARMA" being published since 1970 from the heritage and cultural city of Mysuru in Karnataka. He was the Editor, Printer and Publisher of this daily, since 1990, which is pioneering the cause of our Ancient Language Sanskrit and the traditional richness of Indian Culture and Literature to the modern world, besides covering day to day news.

2. Born on 5th August, 1957 as the second son of Geervana Vani Bhushanam, Vidyanidhi Pandit Shri K.N. Varadaraja Iyengar and Smt. Seethalakshmi couple. Shri Sampathkumar received his Bachelor of Commerce Degree from the University of Mysore in 1978. In addition to getting training in traditional aspects by his revered father, Shri Sampathkumar studied Sanskrit Literature in the renowned Sriman Maharaja Sanskrit College in Mysuru. Later, he worked for a few years in an Industry wherein he gained the experience of running a business enterprise. While he was a young boy, his father started the Sanskrit daily Sudharma in the year 1970. Observing his father's work and sometimes helping him, helped Kumar to learn the nuances of journalism.

3. Shri Sampathkumar who worked as the Joint Editor with his father who passed away in 1990, took over as the Editor. He introduced Desktop Publishing and multicolour offset printing in 1988, so as to make Sudharma more elegant. He involved many Sanskrit Scholars like Dr. H.V. Nagaraja Rao, Dr. T.V. Satyanarayana in preparing many articles which are received from Scholars from different parts of India. He had also uploaded Sudharma on the world-wide web so that it can be accessed by overseas readers.

4. In his unstinted efforts to popularise Sanskrit, Shri Sampathkumar has set up Sudharma Publications through which he had published over 100 Sanskrit Related Books - Most of them in Sanskrit and some in Kannada / English. The range of Publications include works such as Ganga Lahari of Panditha Jagannatha, Katha Manjari of Vidwan H.V. Nagaraja Rao, Sudhanva Charitam of Pandit K.N. Varadaraja Iyengar, besides many books for beginners to learn Sanskrit. He was organising many competitions in Schools, besides enacting Sanskrit Dramas to promote Sanskrit and our rich culture amongst youngsters. Besides bringing out an annual number, Sanskrit Book Exhibitions are also arranged by him.

5. Besides being a member of local journalists association and the Association of Indian Sanskrit Journalists, Shri Sampathkumar was also involved as a Trustee of the Ancient Sri Lakahsmikantha Temple, and Hon. Secretary of Sri Venkatesha Sabha of Mysore, through which several cultural service activities are conducted. He has also brought out a unique Calendar in Sanskrit, which contains all the essentials of our traditional national almanac.

6. Shri Sampathkumar had received various honours and awards including "Madhyama Bheeshma" by Karnataka Sanskrit Parishat and Dhanvantari Ayurveda Sangha; "Adarsha Seva Dhureena" by Adarsha Seva Sangha; "Tattva Prakatana Patu" by Vedantha Deshika Sabha, Srirangapatna in 2011; "Vartha Nidhi" by Veda Shastra Poshini Sabha Mysore in 2012; honour by Bharatiya Reserve Bank, Note Mudrana (P) Ltd., Mysore on Printer's Day (2016); "Siddharoodha Prashasti" by Siddharoodha Matha; “Abdul Kalam Prashasti" by Mysore District Journalists Association; "Sri Shivaratrishwara Madhyama Prashasti" by Mysuru Jagadguru Veerasimhasana, Suttur Math; title "Samskritha Seva Vrati" by Rashtriya Samskritha Sansthan, Delhi in 2019 etc.

7. Shri Sampathkumar passed away on 30th June, 2021.





श्री के. वि. सम्पतकुमार (मरणोंपरान्त)

श्री के.वि. सम्पतकुमार, श्रीकांत एंटरप्राइजेज के मालिक थे। यह समाचार पत्र सबसे पुराने संस्कृत दैनिक समाचार प्त्र "सुधर्म" का प्रकाशन करता है। इसे कर्नाटक के विरासती और सांस्कृतिक शहर मैसूर से वर्ष 1970 में से प्रकाशित किया जा रहा है। वह, वर्ष 1990 के बाद से इस दैनिक समाचार के संपादक, मुद्रक और प्रकाशक थे। यह समाचार पत्र दैनिक समाचारों के साथ–साथ हमारी प्राचीन भाषा संस्कृत तथा भारतीय संस्कृति और साहित्य की पारम्परिक समृद्धि की जानकारी आधुनिक विश्व तक पहुंचाने में अग्रणी हैं।

2. उनका जन्म दिनांक 5 अगस्त, 1957 को श्री गीरवन वाणी भूषणम, विद्यानिधि पंडित श्री के.एन. वरदराज अयंगार और श्रीमती सीतालक्ष्मी दंपती के दूसरे पुत्र के रूप में हुआ। श्री सम्पतकुमार ने वर्ष 1978 में मैसूर विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक की डिग्री प्राप्त की। अपने पूज्य पिताजी से पारम्परिक विषयों की शिक्षा प्राप्त करने के अतिरिक्त, श्री सम्पतकुमार ने मैसूर के प्रसिद्ध श्रीमन महाराजा संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत साहित्य का अध्ययन किया। बाद में उन्होंने एक उद्योग में कुछ वर्ष तक कार्य किया और व्यवसायिक उद्यम चलाने का अनुभव प्राप्त किया। किशोरावस्था के दौरान, उनके पिता ने वर्ष 1970 में संस्कृत दैनिक "सुधर्म" की शुरुआत की थी। अपने पिताजी को काम करते हुए देखकर और कभी–कभी काम में उनका हाथ बंटाने पर, श्री कुमार को पत्रकारिता की बारीकियों को सीखने में सहायता मिली।

3. श्री सम्पतकुमार ने अपने पिताजी के साथ संयुक्त संपादक के रूप में काम किया। वर्ष 1990 पिताजी के निधन के बाद, उन्होंने संपादक का दायित्व संभाला। उन्होंने वर्ष 1988 में डेस्कटॉप पब्लिशिंग और मल्टीकलर ऑफसेट प्रिंटिंग की शुरुआत की, ताकि "सुधर्म" को और खूबसूरत बनाया जा सके। उन्होंने भारत के विभिन्न भागों के विद्वानों से प्राप्त अनेक लेखों को संवारने में डॉ. एच.वी. नागराज राव, डॉ. टी.वी. सत्यनारायण जैसे कई संस्कृत विद्वानों को अपने साथ शामिल किया। उन्होंने सुधर्म को वर्ल्ड–वाइड वेब पर भी अपलोड किया ताकि इसे विदेशी पाठकों तक पहुंचाया जा सके।

4. श्री सम्पतकुमार ने, संस्कृत को लोकप्रिय बनाने के लिए सुधर्म प्रकाशन की स्थापना की और इसके माध्यम से संस्कृत से संबंधित 100 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की थी। इनमें से अधिकांश पुस्तकें संस्कृत में और कुछ पुस्तकें कन्नड़/अंग्रेजी में हैं। इन प्रकाशनों में पंडित जगन्नाथ की गंगा लहरी, विद्वान एच.वी. नागराज राव की कथा मंजरी, पंडित के.एन. वरदराज अयंगार की सुधन्वाचरितम् के अलावा प्रारम्भिक विद्यार्थियों के लिए संस्कृत शिक्षण की अनेक पुस्तकें शामिल हैं। वह बच्चों में संस्कृत और हमारी समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्कृत नाटकों के मंचन के अलावा, विद्यालयों में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहते थे। वह, वार्षिक प्रकाशन के साथ संस्कृत पुस्तक प्रदर्शनियां भी आयोजित करते थे।

5. श्री सम्पतकुमार, स्थानीय पत्रकार संघ और भारतीय संस्कृत पत्रकार संघ के सदस्य होने के अलावा, प्राचीन श्री लक्ष्मीकांत मंदिर के ट्रस्टी और मैसूर की श्री वेंकटेश सभा के अवैतनिक सचिव भी थे। इन संस्थाओं के द्वारा अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। उन्होंने संस्कृत में एक विशेष कैलेंडर भी प्रकाशित किया है, जिसमें हमारे पारंपरिक राष्ट्रीय पंचांग की सभी विशेषताएं हैं।

6. श्री सम्पतकुमार को अनेक सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए थे जिनमें कर्नाटक संस्कृत परिषद् और धन्वंतरि आयुर्वेद संघ का ''मध्यम भीष्म'' पुरस्कार; आदर्श सेवा संघ का ''आदर्श सेवा धूरीना''; वर्ष 2011 में वेदांतदेशिका सभा, श्री रंगपटन ''तत्वप्रकटनपट''; वर्ष 2012 में वेद शास्त्र पोषणी सभा, मैसूर द्वारा ''वार्तानिधि''; भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण (प्रा.) लिमिटेड, मैसूर द्वारा प्रिंटर दिवस पर सम्मान (वर्ष 2016); सिद्धारूढ़मठ द्वारा ''सिद्धारूढ़ प्रशस्ति''; मैसूर जिला पत्रकार संघ द्वारा ''अब्दुल कलाम प्रशस्ति''; मैसूर जगद्गुरु वीरसिंहासन, सुत्तूर मठ द्वारा ''श्री शिवरातीश्वर मध्यम प्रशस्ति''; वर्ष 2019 में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली द्वारा ''संस्कृति सेवा व्रती'' उपाधि आदि शामिल हैं।

7. श्री सम्पतकुमार का 30 जून, 2021 में देहावसान हो गया।